# राजनीतिक दल, निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन एवं स्वीप

---

## पाठगत प्रश्न

### (गतिविधि – पृष्ठ संख्या 123)

**प्रश्न 1. अपने शिक्षक की सहायता से मान्यता प्राप्त 6 राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:** वर्तमान में मान्यता प्राप्त 6 राष्ट्रीय राजनीतिक दल निम्न प्रकार हैं

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2. भारतीय जनता पार्टी
3. बहुजन समाज पार्टी
4. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
5. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी
6. सर्वभारतीय तृणमूल कांग्रेस पार्टी

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्न

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. गठबंधन सरकारों में .............. राजनीतिक दलों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है।
2. वर्तमान में भारत में कुल ............... राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं। .
3. विधान परिषद् के ............... सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष में सेवानिवृत्त होते रहते हैं।
4. राजस्थान में स्वीप की शुरुआत ............... में की गई।
5. जागरूकता के साथ मतदान को ...............कहते हैं।
6. सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता | को संक्षिप्त में .............. कहते हैं।

**उत्तर:**
1. क्षेत्रीय
2. छः
3. एकतिहाई
4. दिसम्बर 2013
5. सूचित मतदान (Informed voting)
6. स्वीप

**प्रश्न 2. निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बारे में बताइए।**

**उत्तर: निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन –** केन्द्र सरकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 में दिये गये परिसीमन अधिनियम, 2002 के अनुसार एक परिसीमन आयोग का गठन कर सकती है। यह परिसीमन आयोग राज्यों में विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का |निर्धारण करता है जो कि राज्य की जनसंख्या के अनुपात में किया जाता है। वर्तमान में वर्ष 2001 की जनगणना आँकड़ों के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किया गया है। वर्ष 2026 के बाद होने वाली प्रथम जनगणना तक यही परिसीमन व्यवस्था रहेगी।

**प्रश्न 3. विधान परिषद् की निर्वाचन प्रक्रिया को समझाइए।**

**उत्तर: विधान परिषद के सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया –** विधान परिषद् के सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है। कुछ सदस्यों को राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाता है। यह प्रक्रिया निम्न प्रकार हैविधान परिषद के कुल सदस्यों में से

1. 1/3 सदस्य स्थानीय निकायों से निर्वाचित किए जाते हैं।
2. 1/12 सदस्यों को राज्य में 3 वर्ष से रह रहे स्नातक निर्वाचित करते हैं।
3. 1/12 सदस्यों को 3 वर्ष से अध्यापन कर रहे शिक्षक चुनते हैं। लेकिन ये अध्यापक माध्यमिक/उच्चतर विद्यालय/महाविद्यालय में अध्यापन करवाने वाले होने चाहिए।
4. 1/3 सदस्य विधानसभा सदस्यों के द्वारा चुने जाते हैं।
5. 1/6 सदस्यों का मनोनयन साहित्य, कला, ज्ञान सहकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र का ज्ञान व अनुभव रखने वाले लोगों में राज्यपाल द्वारा किया जाता है। इस प्रकार विधान परिषद् के 5/6 सदस्यों का अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव होता है तथा 1/6 को राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाता है। प्रत्येक सदस्य का निर्वाचन छह वर्ष के लिए किया जाता है।

**प्रश्न 4. स्वीप कार्यक्रम किस आधार पर तैयार किया जाता है?**

**उत्तर:** स्वीप कार्यक्रम सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक रूपरेखा तथा जनसंख्या के आधार एवं गत चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी के अध्ययन के आधार पर तैयार किया जाता

**प्रश्न 5. स्वीप कौनसी कार्यनीति पर कार्य करता है?**

**उत्तर: स्वीप' त्रि –** आयामी कार्यनीति पर कार्य करता है। इसमें निम्न शामिल हैं

1. **सूचना –** पंजीकरण और मतदान प्रक्रिया के संबंध में 'क्यों' कब' 'कहाँ' और 'कैसे' के बारे में सूचना देना।
2. **प्रेरणा –** लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना और मतदान से संबंधित जिज्ञासाओं का जवाब देना।

3. **सुविधा –** सुविधा सेवाएँ प्रदान करना और पंजीकरण तथा मतदान को और सुलभ, आसान तथा सुविधाजनक बनाने के लिए सुविधाएं प्रदान करना।

**प्रश्न 6. स्वीप – 3 की विशेषताएं बताइए।**

**उत्तर:** स्वीप – 3 कार्यक्रम 2015 से चालू है। इसकी प्रमुख विशेषताएं अग्र प्रकार हैं

1. स्वीप – 3 में चुनाव प्रणाली को पाठ्यक्रम के साथ जोड़ा गया है तथा सह – पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है।
2. यह कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं, शहरी मतदाताओं 1 तथा मुख्य धारा से पृथक् किए जाने के अतिरिक्त सेवारत कर्मचारियों (जो डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करते हैं।), अनिवासी भारतीयों, नि:शक्त व्यक्तियों, भावी मतदाताओं पर केन्द्रित है।
3. यह कार्यक्रम शिक्षा एवं संचार साधनों की अवधारणाओं पर जोर देता है।
4. सोशल मीडिया, ऑनलाइन प्रतियोगिता तथा मतदाता महोत्सव के माध्यम से नागरिकों के साथ व्यापक वार्तालाप स्वीप-3 का महत्त्वपूर्ण भाग है।
5. साझेदारियों को बढ़ाना, साझेदारों के साथ अधिक से अधिक तालमेल स्थापित करना, माइक्रो सर्वेक्षण इस कार्यक्रम के अन्य मुख्य पहलू हैं।
6. स्वीप – 3 को फ्लैगशिप योजना का दर्जा दिया गया है।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न

### बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1: विश्व में सबसे अधिक राजनीतिक दल किस देश में हैं?**
(अ) चीन
(ब) पाकिस्तान
(स) भारत
(द) फ्रांस

**उत्तर:** (स) भारत

**प्रश्न 2. विधान परिषद् में सदस्यों की न्यूनतम संख्या होती है|**
(अ) 20
(ब) 40
(स) 52
(द) 60

**उत्तर:** (ब) 40

**प्रश्न 3. स्वीप कार्यक्रम की शुरूआत कहाँ से की गई ?**
(अ) झारखण्ड
(ब) राजस्थान
(स) बिहार
(द) गुजरात

**उत्तर:** (अ) झारखण्ड

**प्रश्न 4. निर्वाचन आयोग ने फ्लैगशिप योजना का दर्जा दिया है|**
(अ) स्वीप – 1 को
(ब) स्वीप – 2 को
(स) स्वीप – 3 को
(द) कोई नहीं

**उत्तर:** (स) स्वीप – 3 को

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

1. ................ प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। (तानाशाही/लोकतांत्रिक)
2. कुछ अवसरों को छोड़कर भारत में सशक्त व प्रभावशाली विपक्ष का .............. रहा है। (अभाव/प्रभाव)
3. विधान परिषद् एक .............. सदन है। (स्थायी/अस्थायी)
4. .............. में मतदाता सूचियों के अद्यतन पर जोर दिया गया। (स्वीप-1/स्वीप-3)

**उत्तर:** 1. लोकतांत्रिक 2. अभाव 3. स्थायी 4. स्वीप – 1

**स्तम्भ'अ' को स्तम्भ'ब' से सुमेलित कीजिए**

| **स्तम्भ 'अ'** | **स्तम्भ 'ब'** |
|---|---|
| 1. शुचित मतदान | (क) जागरूकता के साथ मतदान |
| 2. सूचित मतदान | (ख) निष्पक्ष व नीतिपरक मतदान |

**उत्तर:** 1. (ख) 2. (क)

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजनीतिक दल सत्ता में भागीदारी किस प्रकार निभाते हैं?**

**उत्तर:** राजनीतिक दल चुनावों के माध्यम से राजनीतिक शक्ति प्राप्त करके सत्ता में अपनी भागीदारी निभाते हैं।

**प्रश्न 2. भारत में राजनीतिक दलों का पंजीयन कौन करता है?**

**उत्तर:** भारत निर्वाचन आयोग।

**प्रश्न 3. विधानसभा के प्रतिनिधियों का चुनाव किस प्रकार किया जाता है?**

**उत्तर:** प्रत्यक्ष मतदान से वयस्क मताधिकार द्वारा

**प्रश्न 4. विधानपरिषद् के कितने सदस्यों को राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाता है?**

**उत्तर:** विधानपरिषद् के 176 सदस्यों को राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाता है।

**प्रश्न 5. मतदाताओं की जागरूकता हेतु चुनाव आयोग द्वारा कौनसी कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया?**

**उत्तर:** स्वीप कार्यक्रम।

**प्रश्न 6. राजस्थान में स्वीप कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया?**

**उत्तर:** राजस्थान में स्वीप कार्यक्रम दिसम्बर, 2013 के विधानसभा चुनाव में प्रारम्भ किया गया।

**प्रश्न 7. शुचित मतदान किसे कहते हैं?**

**उत्तर:** निष्पक्ष व नीतिपरक मतदान को शुचित मतदान (Ethical voting) कहते हैं।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजनीतिक दल से क्या आशय है?**

**उत्तर:** राजनीतिक दल-राजनीतिक दल समान दृष्टिकोण रखने वाले लोगों के वे संगठित समूह होते हैं जो संविधान के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने की कोशिश करते हैं तथा इनका अंतिम उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना होता है।

**प्रश्न 2. भारत में अधिकांश राजनीतिक दल क्षेत्रीय हितों को बढ़ावा क्यों देते हैं ?**

**उत्तर:** भारत में अधिकांश राजनीतिक दलों का उदय भाषा, जाति, संस्कृति तथा क्षेत्रीय हितों के आधार पर हुआ है। इस कारण ये दल सार्वजनिक हितों की अपेक्षा क्षेत्रीय हितों को ही बढ़ावा देते हैं।

**प्रश्न 3. विधान परिषद की सदस्य संख्या कितनी होती है? इन्हें कितने वर्ष के लिए चुना जाता है ?**

**उत्तर:** विधान परिषद् में सदस्यों की संख्या विधानसभा सदस्यों की एकतिहाई होती है और न्यूनतम संख्या 40 होती है। प्रत्येक सदस्य को छः वर्ष के लिए चुना जाता है। इसके एकतिहाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं।

**प्रश्न 4. लोकतंत्र की सफलता किस बात पर निर्भर करती है?**

**उत्तर:** लोकतंत्र की सफलता स्वतंत्र, निष्पक्ष, नीतिपूरक और प्रत्येक नागरिक की प्रलोभन सहित सहभागिता पर निर्भर करती है।

**प्रश्न 5. स्वीप क्या है?**

**उत्तर:** स्वीप को पूरा नाम है सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता। नागरिकों, निर्वाचकों और मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षित करने एवं उनकी जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने हेतु निर्वाचन विभाग द्वारा चलाये जा रहे बहुआयामी कार्यक्रम को स्वीप कहते हैं

**प्रश्न 6. स्वीप – 1(2009-2013 ) के बारे में आप क्या जानते हैं?**

**उत्तर:** स्वीप – 1 (2009-2013) – मतदाताओं के रूप में नागरिकों के पंजीकरण के मतदान में उनकी भागीदारी में वृद्धि हेतु स्वीप – 1 कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान मतदाता सूचियों के अद्यतन पर जोर दिया गया।

**प्रश्न 7. स्वीप – 2 में किन कार्यक्रमों पर बल दिया गया?**

**उत्तर:** स्वीप – 2 के अन्तर्गत कार्यक्रम – स्वीप – 2 में एक लक्ष्य आधारित योजनाबद्ध कार्यनीति शामिल की गई। इसमें न्यूनतम मतदान वाले 10 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की पहचान कर, मतदान केन्द्रवार स्थिति का विश्लेषण, मतदान केन्द्रवार क्रियान्वयन के साथ-साथ नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन तथा निगरानी की गई। इसमें नव – साक्षर तथा निरक्षर समूहों के लिए विषयपरक विकास को भी शामिल किया गया इस कार्यक्रम के दौरान मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप लोक सभा चुनाव 2014 में मतदान प्रतिशत में ऐतिहासिक वृद्धि हुई

**प्रश्न 8. स्वीप कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य बतलाइये।**

**उत्तर:** स्वीप कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य निम्न हैं

1. शुचित मतदान (Ethical Voting) – इसमें निष्पक्ष व नीतिपरक मतदान पर बल दिया जाता है।
2. सूचित मतदान (Informed Voting) – इसमें जागरूकता के साथ मतदान पर बल दिया जाता है।

## निबन्धात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजनीतिक दल किसे कहते हैं ? भारत में राजनीतिक दलों की विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तर: राजनीतिक दल –** समान दृष्टिकोण रखने वाले लोगों के वे संगठित समूह, जो संविधान के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने की कोशिश करते हैं तथा जिनका अंतिम उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना होता है, राजनीतिक दल कहलाते हैं। भारत में राजनीतिक दलों की विशेषताएँ

1. देश के विस्तृत भू – भाग, सामाजिक विभिन्नता, सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार व विभिन्न प्रकार की विचारधाराओं के कारण यहाँ कई प्रकार के राजनीतिक दलों का उदय हुआ है।
2. विश्व में सबसे अधिक राजनीतिक दल भारत में ही हैं।
3. भारत में अधिकांश राजनीतिक दलों का उदय भाषा, जाति, संस्कृति तथा क्षेत्रीय हितों के आधार पर हुआ है। इस कारण ये दल सार्वजनिक हितों की अपेक्षा क्षेत्रीय हितों को ही बढ़ावा देते हैं।
4. गठबंधन सरकारों में क्षेत्रीय दलों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है।
5. सत्ता की लालसा के कारण राजनीतिज्ञ अपना दल बदल कर दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं तथा नया दल बना लेते हैं।
6. आजादी के बाद से ही कुछ अवसरों को छोड़कर भारत में सशक्त व प्रभावशाली विपक्ष का अभाव रहा है।
7. भारत में राजनीतिक दलों को तीन वर्गों में बांटा गया है-
   (i) राष्ट्रीय दल
   (ii) क्षेत्रीय दल
   (iii) पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दल।

**प्रश्न 2. भारत निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दल पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।**

**उत्तर:** भारत निर्वाचन आयोग एवं राजनीतिक दलभारत निर्वाचन आयोग निर्धारित मापदण्डों के आधार पर चुनाव हेतु राजनीतिक दलों का पंजीयन करता है और उनको चुनावों में प्राप्त मतों के आधार पर राष्ट्रीय दल, क्षेत्रीय दल या पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दल घोषित करता है। आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त दलों को चुनाव चिह्न आवंटन, टेलीविजन व रेडियो पर राजनीतिक प्रसारण का समय तथा निर्वाचन सूचियाँ प्राप्त करने की सुविधा मिल जाती है। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के अतिरिक्त अन्य सभी पंजीकृत दलों को गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दल घोषित किया जाता

**प्रश्न 3. निर्वाचन आयोग ने आई.सी.टी.(सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीक) एवं सोशल मीडिया के प्रयोग को बढ़ावा क्यों दिया है? इसके अन्तर्गत क्या कार्य किये गये हैं?**

**उत्तर:** चुनाव आयोग ने मतदाता शिक्षा एवं उनकी सुविधाओं के लिए आई.सी.टी. (सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीक) तथा सोशल मीडिया के प्रयोग को बढ़ावा दिया है। इसके लिए निम्न कार्य किये गये हैं।

1. प्रमाणीकरण, शुद्धिकरण, पंजीकरण सुविधा के लिए राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाताओं से पारस्परिक संवाद की वेबसाइट और स्वीप पोर्टल
2. मतदाता सूची में नाम ढूंढने के लिए सुविधा-वेबसाइट, एस.एम.एस., हेल्पलाइन, इंटरनेट पर मतदान केन्द्र का पता लगाना "
3. निर्वाचनों और लोकतंत्र विषयों पर ऑनलाइन प्रतियोगिता।
4. सोशल मीडिया और नेटवर्किंग साइट जैसे फेसबुक और ट्वीटर के माध्यम से पारस्परिक वार्तालाप एवं सूचना।
5. निर्वाचनों एवं मतदान के लिए समर्पित यूट्यूब चैनल।